
पेज 255

**प्रश्न 1:**

किसी छड़ चुंबक के चारों ओर चुंबकीय रेखाएँ खींचिए?

**उत्तर 1:**




छड़ चुंबक के चारों ओर चुंबकीय रेखाएँ

**प्रश्न 2:**

चुंबकीय क्षेत्र रेखाओं के गुणों की सूची बनाइए।

**उत्तर 2:**

चुंबकीय क्षेत्र रेखाओं के गुणों की सूची निम्नलिखित है:

- चुंबक के बाहर चुंबकीय क्षेत्र रेखाओं की दिशा उत्तरी ध्रुव से दक्षिणी ध्रुव की ओर तथा चुंबक के अंदर दक्षिणी ध्रुव से उत्तरी ध्रुव की ओर होती है।
- चुंबकीय क्षेत्र रेखाएँ सदैव बंद वक्र होती हैं।
- जहाँ चुंबकीय क्षेत्र रेखाएँ सघन होती है वहाँ चुंबकीय क्षेत्र अधिक होता है। जैसे: चुंबक के ध्रुवों पर।
- चुंबकीय बल रेखा के किसी बिंदु पर खींची गई स्पर्श रेखा उस बिंदु पर चुंबकीय क्षेत्र की दिशा को प्रदर्शित करती है।
- चुंबकीय बल रेखाएँ एक-दूसरे को कभी नहीं कटती हैं।

**प्रश्न 3:**

दो चुंबकीय क्षेत्र रेखाएँ एक – दूसरे को प्रतिच्छेद क्यों नहीं करती?

**उत्तर 3:**

दो चुंबकीय क्षेत्र रेखाएँ कभी भी एक-दूसरे को प्रतिच्छेद नहीं करती हैं क्योंकि यदि वे ऐसा करेंगी तो इसका अर्थ होगा कि प्रतिच्छेद बिंदु पर दिक् सूचक रखने पर उसकी सुई दो दिशाओं की ओर संकेत करेगी जो संभव नहीं हो सकता है।